51,200 वर्ष प्राचीन गुफा चित्रकला की खोज

[स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस](#)

हाल ही में एक शोध किया गया जिसमें **काल निर्धारण की नवीन तकनीक** के उपयोग द्वारा यह सुनिश्चित किया गया कि **विश्व की प्राचीनतम ज्ञात आलंकारिक गुफा चित्रकला** लगभग **51,200 वर्ष पुरानी** है।

- यह चित्रकला **इंडोनेशिया** के **सुलावेसी द्वीप** में एक **चूना पत्थर गुफा** की छत पर पाई गई हैं।

चित्रकला से संबंधित प्रमुख बिंदु क्या हैं?

- **कलात्मक चित्रण:** चित्र में दर्शाया गया है:
  - एक **सुअर की आकृति** जिसका मुख आंशिक रूप से खुला हुआ है।
  - सुअर के इर्द-गिर्द **तीन मानव जैसी आकृतियाँ**:
    - सबसे बड़ी आकृति **हाथ फैलाए**, एक छड़ पकड़े हुए है।
    - **दूसरी आकृति** सुअर के सामने हाथ में एक छड़ी के साथ है।
    - तीसरी आकृति **उल्टी चित्रित** है, जिसके पैर ऊपर की ओर हैं और एक हाथ सुअर के सिर की ओर है।
- **काल निर्धारण में प्रयुक्त तकनीक:**
  - शोधकर्त्ताओं ने चूना पत्थर गुफाओं में [कैल्साइट निक्षेप](#) **के यूरेनियम शृंखला (U-सीरीज़) विश्लेषण** का उपयोग कर इस शैल कला का काल निर्धारण किया।
    - शोधकर्त्ताओं ने इन चित्रों का काल निर्धारित करने के लिये लेज़र किरणों का उपयोग कर **यूरेनियम के विशिष्ट समस्थानिक** और **थोरियम के विशिष्ट समस्थानिक** के अनुपात की तुलना की।
      - [समस्थानिक](#) **(Isotope) एक ही तत्त्व के परमाणु का एक रूप** होता है, जिनकी परमाणु संख्या और रासायनिक गुण

समान होते हैं कति‍ु इनके परमाणु भार/द्रव्यमान संख्या तथा भौतकि वशिेषताओं में भन्निता होती है।

- इस पद्धतकिा उपयोग **'लींग बुलू' सपिॉंग 4 में एक अन्य गुफा चत्रिकला का काल नरि्धारति करने के लयि** भी कयिा गया था जसि‍े आरंभ में 43,900 वर्ष प्राचीन माना गया था।
  - इसके नष्किर्षों के अनुसार यह चत्रिकला पूर्व में कयि‍े गए अनुमान से कम-से-कम 4,000 वर्ष अधकि प्राचीन है।
- भारत में मध्य प्रदेश जैसे स्थानों में शैल चत्रिकारी की एक महत्त्वपूर्ण शृंखला देखने को मलिती है कति‍ु **उक्त प्रकार की कोई काल नरि्धारण पद्धत‍ि** मौजूद **नहीं** है।
  - मध्य प्रदेश के **भीमबेटका की प्राचीनतम चत्रिकारी** लगभग **30,000 वर्ष पुरानी** है।

- **महत्त्व:**
  - शोधकर्त्ताओं के अनुसार इन चत्रिों में मनुष्यों और जंतुओं की आलंकारकि कला का काल पूर्व में कयि‍े गए अनुमान की अपेक्षा कहीं अधकि हैं।
    - **नएिंडरथल** मानव ने गुफाओं को उकेरना का अभ्यास लगभग **75,000 वर्ष पहले** ही शुरू कयिा कति‍ु उनके द्वारा कयि‍े गए ये अंकन **आलंकारकि/प्रतीकात्मक नहीं** होते थे।
  - यह न केवल प्रारंभकि मनुष्यों की सांस्कृतकि प्रथाओं के संबंध में अंतर्दृष्ट‍ि प्रदान करता है अपति‍ु कथा की एक परष्किृत परंपरा के उद्भव का भी सुझाव देता है जसिमें **मनुष्यों और जंतुओं के बीच संबंधों को दर्शाने के लयि‍े दृश्य कलाओं का उपयोग** कयिा गया।

भीमबेटका शैल चत्रिकारी (रॉक पेंटगि)

- **अवस्थति:** यह मध्य प्रदेश के **वधि्यन पर्वतमाला में भोपाल के दक्षणि में स्थति है**, जहाँ 500 से अधकि शैलचत्रिों वाले शैलाश्रय हैं।
  - भीमबेटका की गुफाओं की खोज वर्ष **1957-58 में वी. एस. वाकणकर** ने की थी।
  - इसे वर्ष 2003 में **यूनेस्को** वशि्व धरोहर स्थल घोषति कयिा गया था।
- **समयावध‍ि:** अनुमान है क‍ि **सबसे पुरानी चत्रिकारी 30,000 वर्ष पुरानी हैं** तथा गुफाओं के अंदर स्थति होने के कारण आज भी सुरक्षति हैं।
  - 100,000 ईसा पूर्व से 1000 ईस्वी तक गुफाओं में व्याप्त‍ि में स्पष्ट नरिंतरता है तथा **अनेक चत्रि (पेंटगि) एक के ऊपर एक चत्रिति कयि‍े गए हैं।**
    - कुछ स्थानों पर तो एक के ऊपर एक चत्रिों की 20 परतें हैं।
  - भीमबेटका की चत्रिकारी **उच्च पुरापाषाण, मध्यपाषाण, ताम्रपाषाण, प्रारंभकि ऐतहिासकि और मध्यकालीन काल** की है।
    - हालाँक‍ि अधकिांश चत्रि मध्यपाषाण युग के हैं।
- **चत्रिकारी तकनीक:** इसमें प्राकृतकि संसाधनों से प्राप्त वभिन्नि रंगों जैसे लाल गेरू, बैंगनी, भूरा, सफेद, पीला और हरा आद‍ि का उपयोग कयिा जाता है।
  - लाल रंग के लयि‍े हेमेटाइट अयस्कों का इस्तेमाल कयिा गया था और सफेद रंग संभवतः चूना पत्थर से बनाया गया था।
  - हरा रंग चाल्सेडनी नामक हरे रंग की चट्टान से तैयार कयिा गया था।
  - ब्रश पौधे के रेशे से बनाए गए थे।
- **चत्रिों की वषिय-वस्तु:** प्रागैतहिासकि पुरुषों के रोज़मर्रा के जीवन को अक्सर छड़ी जैसी मानव आकृतयिों में दर्शाया गया है।
  - हाथी, बाइसन, हरिण, मोर और साँप जैसे वभिन्नि जानवरों को दर्शाया गया है।
  - शस्त्रधारी पुरुषों के साथ शकिार के दृश्य और युद्ध के दृश्य।
  - सरल ज्यामतिीय डज़िाइन और प्रतीक।

UPSC सवििल सेवा परीक्षा, वगित वर्ष के प्रश्न

??????????:

प्रश्न. सुप्रसद्धि चत्रि "बणी ठणी" कसि शैली का है? (2018)

(a) बूँदी शैली
(b) जयपुर शैली
(c) काँगड़ा शैली
(d) कशिनगढ़ शैली

उत्तर: (d)

प्रश्न. बोधसित्व पद्मपाण‍ि का चत्रि सर्वाधकि प्रसद्धि और प्रायः चत्रिति चत्रिकारी है, जो- (2017)

(a) अजंता में

(b) बादामी में

(c) बाघ में

(d) एलोरा में

उत्तर: (a)

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/51,200-year-old-cave-painting-discovered